BCCI BULLETIN
Vol. 54 | MARCH 2023 | No. 3
Estd. 1926
BIHAR CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRIES

चैम्बर का प्रतिनिधिमंडल महामहिम राज्यपाल, बिहार से मिला

महामहिम राज्यपाल, बिहार श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर जी का पुष्पगुच्छ से अभिनन्दन करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। साथ में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण।

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल, बिहार श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर जी से दिनांक 3 मार्च 2023 को राजभवन में मिलकर उनका अभिनन्दन किया। प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल से राज्य के उद्योग एवं व्यापार से संबंधित विषयों पर भी विचार-विमर्श किया।

प्रतिनिधिमंडल में चैम्बर उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर एवं श्री मुकेश कुमार जैन, पूर्व उपाध्यक्ष श्री सुभाष कुमार पटवारी एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री अजय गुप्ता शामिल थे।

बिहार को भी मिले एक पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय वस्त्र मंत्री पीयूष गोयल से अनुरोध किया है कि औद्योगिक रूप से पिछड़े बिहार को भी एक पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क का आवंटन किया जाये।

चैम्बर अध्यक्ष पी. के. अग्रवाल ने कहा कि भारत को टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरिंग व निर्यात का वैश्विक हब बनाने के लिए सात राज्यों में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क बनाने की घोषणा सराहनीय है। केन्द्रीय बजट 2021-2022 में टेक्सटाइल पार्क की घोषणा से बिहार वासियों विशेषकर राज्य के उद्यमी व व्यापारी आशान्वित थे कि बिहार को भी एक पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क अवश्य मिलेगा, लेकिन पिछले दिनों केन्द्र सरकार की ओर से इस संबंध हुई घोषणा से निराशा हुई है। टेक्सटाइल पार्क में धागे से कपड़ा तैयार करने, कपड़ों की रंगाई, सिलाई आदि से लेकर इनकी पैकिंग एवं ट्रांसपोर्टिंग तक के लिए बड़े पैमाने पर लोगों की जरूरत पड़ती है। इससे रोजगार के अवसर मिलते हैं। **अग्रवाल ने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ से भी अनुरोध किया गया है कि उक्त विषय पर अपने स्तर से भी केन्द्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जाये।**

(साभार : प्रभात खबर, 21.3.2023)

राज्य के विद्युत उपभोक्ताओं पर बिजली की बढ़ी दरों के भार के आलोक में राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी की घोषणा स्वागत योग्य – चैम्बर

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज ने बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा वर्ष 2023–2024 के लिए घोषित विद्युत टैरिफ में की गई वृद्धि के आलोक में सरकार द्वारा दिनांक 31 मार्च 2023 को की गयी सब्सिडी की घोषणा का स्वागत करते हुए माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, माननीय उर्जा मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव एवं माननीय उद्योग मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ के प्रति आभार व्यक्त किया है ।

चैम्बर अध्यक्ष श्री पी0 के0 अग्रवाल ने बताया कि बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–2024 के लिए विद्युत टैरिफ में वृद्धि के साथ–साथ फिक्स्ड चार्ज में भी वृद्धि किए जाने से राज्य के उद्यमी एवं व्यवसायी काफी चिंतित थे । उन्होंने आगे बताया कि c<s fo|r njk ds lc/k esa pEcj ds Lrj ls yxkrkj ekuuh; eq[;ea=h] ekuuh; mi eq[;ea=h] ekuuh; mtkZ ea=h] ekuuh; m|kx ea=h] eq[; lfpo] fodkl vk;qDr] vij eq[; lfpo] m|kx foHkkx ,oa iz/kku lfpo] mtkZ foHkkx] fcgkj ds lkFk lEidZ dj vuqjks/k fd;k tk jgk Fkk fd bl of) dk okil fy;k tk, vU;Fkk bldk ifrdwy

'ks"k i"B 3 ij

अध्यक्ष की कलम से.....

प्रिय बन्धुओं,

बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा दिनांक 23.3.2023 को वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए बिजली की दरों में फिक्स्ड चार्ज को लगभग दोगुणा एवं प्रति युनिट चार्ज में लगभग 24% की वृद्धि की घोषणा कर दी गयी है जो राज्य के उद्यमियों एवं व्यापारियों के लिए गहरी चिंता का विषय हो गया है। **ऐसा प्रतीत होता है कि उपभोक्ताओं की ओर से किये गये अनुरोध को आयोग ने खारिज कर दिया है।**

बिहार में बिजली की दरें पड़ोसी राज्यों की अपेक्षा पूर्व से ही अधिक थी, जिसके लिए चैम्बर बराबर सरकार से बिजली की दरों को कम करने का अनुरोध करता रहा है। उस पर बिजली की दरों में अप्रत्याशित वृद्धि का प्रतिकूल प्रभाव यहाँ के उद्योगों पर पड़ना संभावित था।

चैम्बर द्वारा बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि के आलोक में लगातार माननीय मुख्यमंत्री माननीय उप मुख्यमंत्री, माननीय उर्जा मंत्री, माननीय उद्योग मंत्री, मुख्य सचिव, विकास आयुक्त, अपर मुख्य सचिव, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव, उर्जा विभाग के प्रधान सचिव से सम्पर्क कर अनुरोध किया जा रहा था कि बिजली की दरों में वृद्धि को वर्त्तमान उद्योगों और नये निवेशकों के हित में वापस लिया जाये।

हमारे लिए खुशी की बात है कि बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा 2023–24 के लिए बिजली की दरों में की गई वृद्धि के आलोक में राज्य सरकार ने दिनांक 31 मार्च 2023 को सब्सिडी की घोषणा कर दी है। चैम्बर ने इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री, माननीय उर्जा मंत्री एवं माननीय उद्योग मंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

दिनांक 31 मार्च 2023 को बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के एक प्रतिनिधिमंडल ने माननीय उद्योग मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ से मिलकर बढ़े हुए विद्युत टैरिफ के आलोक में सरकार द्वारा दी गयी सब्सिडी की घोषणा हेतु राज्य के समस्त उद्यमियों एवं व्यापारियों की ओर से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन, उद्योग उप–समिति के संयोजक श्री सुभाष कुमार पटवारी एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री आशीष शंकर सम्मिलित थे।

भारत को टेक्सटाईल मैन्यूफैक्चरिंग व निर्यात का वैश्विक हब बनाने के लिए सात राज्यों में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क बनाने की घोषणा सराहनीय है। परन्तु बिहार को इसमें शामिल नहीं किया जाना, बिहारवासियों के लिए निराशाजनक है। **इसके लिए चैम्बर द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय वस्त्र मंत्री श्री पियूष गोयल से अनुरोध किया गया है कि औद्योगिक रूप से पिछड़े बिहार को भी एक पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क का आबंटन किया जाये। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं माननीय उद्योग मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ से भी अनुरोध किया गया है कि इस संबंध में अपने स्तर से भी केन्द्र सरकार का ध्यान आकृष्ट किया जाये।**

गत वर्ष की भांति दिनांक 4 मार्च 2023 को चैम्बर में ''होली मिलन समारोह'' काफी हर्षोल्लास सहित मनाया गया। इस समारोह में माननीय उद्योग मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ, माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा, माननीय विधायक श्री नितीन नबीन, श्री संजीव चौरसिया, श्री नन्द किशोर यादव एवं श्री अरूण कुमार सिन्हा, विधान परिषद् सदस्य माननीय श्री ललन कुमार सराफ, सिक्किम के पूर्व राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद, माननीय महापौर श्रीमती सीता साहू, केन्द्र एवं राज्य सरकार के वरीय पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए। इस आयोजन को सफल बनाने में होली मिलन समारोह आयोजन समिति के संयोजक, सह–संयोजक एवं सदस्यों का मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ, साथ ही चैम्बर के सदस्यों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ जिनकी सपरिवार सहभागिता से समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। संक्षिप्त रिपोर्ट इसी बुलेटिन में प्रकाशित है ।

चैम्बर के प्रतिनिधिमंडल ने दिनांक 3 मार्च 2023 को **महामहिम राज्यपाल, बिहार श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर** से राजभवन में मिलकर उनका अभिनन्दन किया साथ ही उद्योग व्यापार के संबंध में विचार–विमर्श भी किया।

03 मार्च 2023 को ही चैम्बर का प्रतिनिधिमंडल **श्री अरूणीश चावला, अपर मुख्य सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार** से मिलकर नगर एवं आवास विभाग से संबंधित विषयों पर विचार–विमर्श किया ।

मैनें **श्री आर. एस. भट्टी, भा.पु.से., पुलिस महानिदेशक, बिहार** से दिनांक 01 मार्च 2023 को मिलकर उनका अभिनन्दन किया एवं विधि–व्यवस्था से संबंधित विषयों पर विमर्श भी किया ।

भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों के साथ चैम्बर में दिनांक 6 मार्च एवं 28 मार्च 2023 को बैठकें हुई। संबंधित रिपोर्ट इसी बुलेटिन में सदस्यों की सूचनार्थ प्रकाशित है ।

बन्धुओं कोरोना पुनः पांव पसार रहा है। अतः सतर्क रहें, सावधान रहें। मास्क का प्रयोग करें।

सादर!

आपका
पी. के. अग्रवाल
अध्यक्ष

विद्युत दरों में अप्रत्याशित वृद्धि का प्रतिकूल प्रभाव उद्योगों पर पड़ेगा : पी. के. अग्रवाल

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज ने दिनांक 23.03.2023 को बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए घोषित विद्युत टैरिफ में अप्रत्याशित वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि इससे वर्तमान बिजली बिल में डेढ़ गुनी वृद्धि हो जायेगी। बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष पी. के. अग्रवाल ने कहा कि बिहार में पहले से ही उद्योगों के लिए बिजली की दरें पड़ोसी राज्यों की तुलना में अधिक थी, जिसके लिए **चैम्बर बराबर अनुरोध कर रहा था कि राज्य में विद्युत की दरों को कम किया जाये। विद्युत दरों में इस प्रकार की अप्रत्याशित वृद्धि का प्रतिकूल प्रभाव यहाँ के उद्योगों पर पड़ेगा और जो उद्योग चल रहे हैं, उन्हें भी अपनी इकाइयाँ बंद करने के लिए विवश होना पड़ेगा, साथ ही नये उद्योगों का आना भी संदेहास्पद प्रतीत होता है।**

उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा बुलायी गयी बैठक में चैम्बर की ओर से संयोजक सुभाष पटवारी व संजय भरतिया ने भाग लिया और उन्होंने बताया कि विद्युत कंपनियों ने 2023–24 के लिए विद्युत टैरिफ के संबंध में आयोग को जो प्रस्ताव समर्पित किया था, उसे स्वीकार करते हुए फिक्सड चार्ज को दोगुना व प्रति यूनिट चार्ज में करीब 24% की बढ़ोतरी की घोषणा की गयी है। उन्होंने आगे कहा कि **ऐसा प्रतीत होता है कि उपभोक्ताओं की ओर से आयोग से किये गये अनुरोध को खारिज कर दिया गया है।** **(साभार : प्रभात खबर, 24.3.23)**

चैम्बर अध्यक्ष का पुलिस महानिदेशक, बिहार के साथ विचार-विमर्श

पुलिस महानिदेशक, बिहार श्री आर. एस. भट्टी, भा.पु.से. का पुष्पगुच्छ से अभिनन्दन करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल।

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल ने दिनांक 1 मार्च 2023 को बिहार के पुलिस महानिदेशक श्री आर. एस. भट्टी, भा.पु.से. से मिलकर उनका अभिनन्दन किया ।

चैम्बर अध्यक्ष ने पुलिस महानिदेशक से विधि-व्यवस्था संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श भी किया ।

प्रत्येक राज्य में बनेगा जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण

जीएसटी के संबंध में विवाद समाधान प्रक्रिया को कारगर बनाने और इसमें तेजी लाने के लिए प्रत्येक राज्य में चार सदस्यीय अपीलीय न्यायाधिकरण स्थापित करने का प्रस्ताव है।

एक अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक राज्य अपीलीय न्यायाधिकरण में दो तकनीकी सदस्य (केन्द्र और राज्यों से एक-एक अधिकारी) और दो न्यायिक सदस्य होंगे। दो सदस्यों वाली एक खंडपीठ (एक तकनीकी और एक न्यायिक) अपीलों पर फैसला करेगी। अधिकारी ने कहा कि प्रस्ताव के अनुसार प्रत्येक राज्य अपीलीय न्यायाधिकरण में दो खंडपीठ होंगी और इस तरह ये अधिक अपीलों से निपटने में सक्षम होंगी। उन्होंने बताया कि एक राष्ट्रीय अपीलीय न्यायाधिकरण भी होगा, जिसे दिल्ली में स्थापित किया जाएगा। इसमें एक न्यायिक सदस्य और एक तकनीकी सदस्य होंगे। **(सा.: दैनिक जागरण, 16.3.2023)**

i"B 1 dk 'k"k

i Hkko jkT; d o r eku m|kxk i j rk iMxk gh lkFk gh jkT; e u; fuo'kdk d Hkh vku e deh gku dh lHkkouk g A

श्री अग्रवाल ने कहा कि अब बढ़े विद्युत टैरिफ के सामंजस्य के लिए राज्य सरकार की ओर से की गई सब्सिडी की घोषणा से राज्य के उद्यमियों एवं व्यापारियों को काफी राहत मिली है। साथ ही नये निवेशक भी राज्य में अपना उद्योग लगाने के लिए आकर्षित होंगे ।

Jh vxoky u crk;k fd or eku e fcgkj e m|kxk dk rt xfr l fodkl gk bl d fy, ljdkj dh vkj l tkjnkj i;kl py jgk g vkj vkt fd, x, bl ,frgkfld ?kk"k.kk dk Hkh ldkjkRed ifj.kke lkeu vk,xk A

चैम्बर प्रतिनिधिमंडल द्वारा माननीय उद्योग मंत्री का धन्यवाद ज्ञापन

माननीय उद्योग मंत्री, बिहार श्री समीर कुमार महासेठ का धन्यवाद ज्ञापित करते चैम्बर का प्रतिनिधिमंडल।

दिनांक 31 मार्च, 2023 को बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल माननीय उद्योग मंत्री, बिहार श्री समीर कुमार महासेठ से उनके कार्यालय कक्ष में मिला एवं बढ़े विद्युत टैरिफ के आलोक में सरकार द्वारा दी गई सब्सिडी की घोषणा के लिए राज्य के समस्त उद्यमियों एवं व्यवसायियों की ओर से धन्यवाद व्यक्त किया ।

प्रतिनिधिमंडल में चैम्बर उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन, उद्योग उप-समिति के संयोजक श्री सुभाष कुमार पटवारी एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री आशीष शंकर सम्मिलित थे ।

एक अप्रैल से गहनों पर अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग अनिवार्य

• साल 2000 में शुरू हुई थी देश में सोने के आभूषणों की हॉलमार्किंग • अभी देश में हर दिन की जा रही है तीन लाख से ज्यादा हॉलमार्किंग • देश के 256 जिलों में 940 हॉलमार्किंग सेंटर्स कर रहे हैं काम

सरकार एक अप्रैल से गोल्ड हॉलमार्किंग से जुड़े नियम बदलने जा रही है। एक अप्रैल से सोने के आभूषणों पर छह डिजिट का अल्फान्यूमेरिक एचयूआइडी (हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन) जरूरी होगा। अल्फान्यूमेरिक एचयूआइडी के बिना सोने के आभूषणों की बिक्री की इजाजत नहीं होगी।

उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी से बचाने और देश भर में सोने की क्वालिटी को एक समान बनाने के लिए सरकार ने इसे अनिवार्य कर दिया है। इस अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग में अक्षरों और अंकों दोनों का कॉम्बिनेशन होगा। अल्फान्यूमेरिक यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर से ग्राहक यह जान सकेंगे कि आभूषण किस ज्वेलर्स के यहाँ बनी है। साथ ही, हॉलमार्किंग सेंटर का भी पता लगा सकेंगे। नये नियमों के अनुसार यदि आभूषण या 14, 18, या 22 कैरेट सोने से बना कोई भी उत्पाद बिना अल्फान्यूमेरिक एचयूआइडी के बेची जाती है, तो ज्वेलर को उसकी कीमत की तुलना में पाँच गुना जुर्माना या एक साल तक की कैद हो सकती है।

अभी हॉलमार्किंग में होते हैं चार चिह्न : • बीआइएस का लोगो • कैरेट में सोने की शुद्धता • हॉलमार्क करने वाले सेंटर का आइडेंटिफिकेशन मार्क • ज्वेलर्स का लोगो/कोड

बीआइएस का ऐप करेगा शुद्धता का परीक्षण : ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआइएस) का बीआइएस केयर ऐप सोने के आभूषणों की शुद्धता के परीक्षण में मदद करेगा। ऐप में आपको आभूषण पर दिये गये अल्फान्यूमेरिक एचयुआइडी कोड डालना होगा। इसके बाद आपको ज्वेलर्स का नाम, उसका रजिस्ट्रेशन नंबर, हॉलमार्किंग सेंटर का नाम हॉलमार्किंग सेंटर का पता, हॉलमार्किंग की तारीख और आभूषण की शुद्धता का पता लग जायेगा।

(विस्तृत : प्रभात खबर, 18.3.2023)

चैम्बर प्रतिनिधिमंडल का अपर मुख्य सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार के साथ विचार-विमर्श

नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरूणीश चावला, का पुष्पगुच्छ से अभिनन्दन करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। साथ में साथ में प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण।

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल के नेतृत्व में दिनांक 3 मार्च 2023 को नगर विकास एवं आवास विभाग में नव पद पर आये अपर मुख्य सचिव, श्री अरूणीश चावला से मिलकर उनका अभिनन्दन किया एवं नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श भी किया ।

प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य थे चैम्बर उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर एवं श्री मुकेश कुमार जैन, पूर्व उपाध्यक्ष श्री सुभाष कुमार पटवारी एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री अजय गुप्ता।

557 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को मिली प्रारंभिक हरी झंडी

बिहार राज्य निवेश प्रोत्साहन परिषद की 46वीं बैठक में 60 निवेश प्रस्तावों को 557 करोड़ के निवेश को प्रारंभिक झंडी दी गयी है। यह सभी प्रस्ताव दो करोड़ से अधिक के हैं। इनमें सर्वाधिक 122 करोड़ के निवेश प्रस्ताव खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के हैं। इसके अतिरिक्त इस बैठक में 13 प्रस्तावों को वित्तीय इंसेंटिव क्लियरेंस भी दी गयी। इसके तहत 214.44 करोड़ का निवेश किया जाना है।

दरअसल बैंकों ने इनके लिए वित्तीय सुविधा, मदद और कर्ज उपलब्ध कराने की रजामंदी दे दी है। बिहार निवेश प्रोत्साहन परिषद की यह बैठक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बीते दिनों हुई है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक राज्य के औद्योगिक इकाइयों की स्थिति मानचित्र पर अंकित करने के लिए कहा गया। साथ ही इंडस्ट्रियल शेडो जोन को चिह्नित करने के निर्देश भी दिये गये हैं। 60 निवेश प्रस्तावों में 18 यूनिट राइस मिलों की स्थापना के हैं। यह सब यूनिट उसना चावल बनाने के लिए हैं। **(विस्तृत : प्रभात खबर, 20.3.2023)**

एमएसएमई का दोगुनी रफ्तार से विस्तार

कोरोना महामारी और वैश्विक अस्थिरता जैसी चुनौतियों के बावजूद माइक्रो, स्माल और मीडियम इंटरप्राइजेज (एमएसएमई) का विस्तार तेजी से हो रहा है। वित्त मंत्रालय की मासिक रिपोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक पिछले एक वर्ष में माइक्रों से स्माल की श्रेणी में आने वाली यूनिटों की संख्या में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि रही है। वहीं, स्माल यूनिट से मीडियम की श्रेणी में छलांग लगाने वाली यूनिट की संख्या में भी 75 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

मंत्रालय के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में माइक्रो से स्माल यूनिट की श्रेणी में छलांग लगाने वाली यूनिटों की संख्या 28,881 थी, जो चालू वित्त वर्ष 2022-23 में गत छह मार्च तक 65,140 तक पहुँच गई। मंत्रालय के मुताबिक, माइक्रो से स्माल बनने वाली यूनिट में अधिकतर यूनिट कम विकसित राज्यों की हैं। इन राज्यों में बिहार, असम, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड, मध्यप्रदेश और ओडिशा प्रमुख रूप से शामिल हैं। वैसे ही, वित्त वर्ष 2021-22 में स्माल से मीडियम बनने वाली यूनिट की संख्या 3,699 थी, जो चालू वित्त वर्ष में छह मार्च तक 6,474 तक पहुँच गई। मुख्य रूप से महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, तमिलनाडु और कर्नाटक स्थित स्माल यूनिटों ने मीडियम श्रेणी में छलांग लगाई है। चालू वित्त वर्ष में माइक्रो से स्माल बनने वाली 53 प्रतिशत यूनिट मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की हैं। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में एमएसएमई का विस्तार होने से रोजगार सृजन में बढ़ोत्तरी होगी।

एमएसएमई का वर्गीकरण

माइक्रो : प्लाट और मशीनरी में एक करोड़ से अधिक का निवेश नहीं होना चाहिए और सालाना टर्नओवर पाँच करोड़ से अधिक नहीं होना चाहिए।

स्माल : प्लांट व मशीनरी में 10 करोड़ से अधिक का निवेश नहीं होना चाहिए और सालाना टर्नओवर 50 करोड़ से अधिक का नहीं होना चाहिए।

मीडियम : प्लांट और मशीनरी में 50 करोड़ से अधिक का निवेश नहीं होना चाहिए और सालाना टर्नओवर 250 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए। **(साभार : दैनिक जागरण, 22.3.2023)**

अधिसूचना

जीएसटी में संशोधन से संबंधित वाणिज्य-कर विभाग, बिहार सरकार द्वारा जारी गजट अधिसूचना संख्या एस.ओ.-108, 109, 110 एवं 111 दिनांक 28 फरवरी, 2023 की प्रति सदस्यों को सूचनार्थ भेजी जा चुकी है। अगर नहीं मिली हो तो चैम्बर से सम्पर्क करें।

अधिसूचना

उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा जारी गजट अधिसूचना संख्या 5/स. बियाडा (औद्योगिक क्षेत्र) 09/2022/137 दिनांक 6 जनवरी 2023 में बियाडा, पटना के पत्रांक 38/L, 39/L, दिनांक 3 जनवरी 2023 द्वारा अनुशंसित क्षेत्रों को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया गया है प्रति सदस्यों को सूचनार्थ भेजी जा चुकी है। अगर नहीं मिली हो तो चैम्बर से सम्पर्क करें।

भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी के साथ चैम्बर की बैठक

विदेश सेवा के अधिकारी श्री शत्रुघ्न सिन्हा के साथ बैठक में शामिल जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री के. के. राय, चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर एवं श्री मुकेश कुमार जैन, पूर्व उपाध्यक्ष श्री सुभाष कुमार पटवारी, कार्यकारिणी सदस्य श्री सुनील सराफ, श्री राजेश कुमार खेतान, श्री अजय गुप्ता एवं श्री आशीष प्रसाद।

भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी श्री शत्रुघ्न सिन्हा को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। साथ में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र श्री के. के. राय, चैम्बर उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य श्री सुनील सराफ, श्री राजेश कुमार खेतान एवं श्री आशीष प्रसाद।

विदेश सेवा के अधिकारी श्री शत्रुघ्न सिन्हा को फोटो एलबम एवं बुलेटीन की प्रति भेंट करते चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल। साथ में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र श्री के. के. राय, उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर एवं श्री मुकेश कुमार जैन, कार्यकारिणी सदस्य श्री सुनील सराफ, श्री राजेश कुमार खेतान एवं श्री आशीष प्रसाद।

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के प्रांगण में दिनांक 6 मार्च 2023 को भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी श्री शत्रुघ्न सिन्हा, मध्य सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम-II के क्रम में चैम्बर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ भेंट वार्ता की। उनके साथ श्री के. के. राय, महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र पटना भी उपस्थित थे। इस बैठक में चैम्बर अध्यक्ष श्री पी. के. अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर एवं श्री मुकेश कुमार जैन, पूर्व उपाध्यक्ष श्री सुभाष कुमार पटवारी, श्री राजेश खेतान, श्री सुनील सराफ, श्री अजय गुप्ता तथा श्री आशीष प्रसाद भी शामिल थे।

बैठक में राज्य के उद्योग एवं व्यापार सम्बन्धी विषयों पर विस्तृत विचार -विमर्श हुआ।

जीएसटी संग्रह में तेजी का सिलसिला जारी

फरवरी में वसूले गए 1,49,577 करोड़

फरवरी महीने में जीएसटी संग्रह 1,49,577 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल फरवरी के मुकाबले 12 प्रतिशत अधिक है। पिछले साल फरवरी में 1.33 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। इस साल जनवरी में जीएसटी संग्रह 1.58 लाख करोड़ रुपये हुआ था। चालू वित्त वर्ष 2022-23 में अप्रैल से लेकर फरवरी तक के सभी महीनों में जीएसटी संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा। **(विस्तृत : दैनिक जागरण, 2.3.2023)**

बिहार में सीडी रेशियो बढ़ कर 54 प्रतिशत, फिर भी राष्ट्रीय औसत से पीछे

बैंकों ने बिहार के लोगों को ऋण देने में थोड़ी उदारता बरती है। नतीजतन पहली बार राज्य का साख-जमा अनुपात बढ़कर 54.25% हो गया है, फिर भी यह राष्ट्रीय औसत 75% की तुलना में लगभग 21% कम है। दिसम्बर 2021 में यह 50.18% थी, अगर इस अवधि में औसत देखें तो इसमें 4.07% की वृद्धि राज्य में हुई है। हालांकि राज्य सरकार ने राष्ट्रीय औसत से काफी पीछे रहने

से नाराजगी जाहिर की। राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी (एसएलबीसी) 83वीं और 84वीं संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुये वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी ने जहाँ ऋण देने में लापरवाही बरतने वाले बैंकों को चेताया, वहीं अच्छा काम करने वाले बैंकों को सराहा भी। कहा कि बैंक ईमानदारी और सक्रियता से काम करे तभी परिवर्तन आयेगा। उन्होंने कहा कि एसएलबीसी की बैठक केवल रस्म अदायगी के लिए नहीं होती है। बैंक को सरकार से जिस तरह की सहयोग की जरूरत है, सरकार देने को तैयार है। अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की तरफ से बैंकों को हर वो सहयोग दीजिए जो ये चाहें, लेकिन बैंकों को भी अपनी सक्रियता बढ़ानी होगी।

बिहार के बजट से ज्यादा बैंकों को कर्ज बांटने का टारगेट : नाबार्ड ने सरकार से सलाह मशाविरा करके वित्तीय वर्ष 2023-24 में बैंकों के लिए वार्षिक साख योजना (एसीपी) का लक्ष्य 2.63 लाख करोड़ निर्धारित किया है। जो राज्य के कुल बजट 2.61 लाख करोड़ से भी अधिक है। इस तरह अगले वित्तीय वर्ष में राज्य में करीब 5.25 लाख करोड़ वित्त प्रवाह होने का अनुमान है।

चैम्बर के महामंत्री के स्वास्थ्य में सुधार

12 मार्च 2023 को श्री प्रदीप जैन सड़क पार कर रहे थे। पीछे से श्री अमित मुखर्जी, महामंत्री, बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज ने आवाज दी "चलो तुम्हें घर छोड़ देते हैं।"

बिमारी के बाद श्री मुखर्जी को गाड़ी चलाते, उनके स्वास्थ्य में सुधार एवं उनके हौंसले को देखकर श्री प्रदीप जैन काफी प्रभावित हुए एवं उन्हें काफी खुशी भी हुई।

पिछले छह साल में 10% बढ़ा साख जमा अनुपात

वर्ष	जमा	कर्ज	सीडी अनुपात प्रशित (%)
2017-18	312829	141967	45.38
2018-19	345234	152213	44.09
2019-20	371783	159987	43.03
2020-21	396471	183973	46.40
2021-22	431417	228480	52.96
2022-23	441280	239389	54.25

[जमा और कर्ज के आंकड़े (31 दिसम्बर तक) करोड़ रुपये में]

बैंकों ने 239389 करोड़ के कर्ज बांटे : वित्तीय वर्ष 2022-23 के तीसरे तिमाही के अंत में (31 दिसम्बर) तक राज्य के लोगों ने बैंक में 441280 करोड़ जमा किये व बैंकों ने 239389 करोड़ ऋण बाँटे। बैठक में उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ, प्रधान सचिव संदीप पैड्रिक, आरबीआइ के क्षेत्रीय निदेशक संजीव दयाल, एसबीआइ के सीजीएम ओम दीक्षित व नाबार्ड के सीजीएम डा. सुनील कुमार आदि मौजूद थे। **(साभार : प्रभात खबर, 5.3.2023)**

विद्युत क्षति 15 प्रतिशत पर लाने के लिए खर्च होंगे 649 करोड़

साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड रीवैंप्ड रीफार्म्स बेस्ड एंड रिजल्ट लिंक्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत पटना जिले में विद्युत क्षति को 15 प्रतिशत पर लाने के लिए 649 करोड़ रुपये खर्च करेगी। पटना विद्युत आपूर्ति प्रतिष्ठान के दोनों आपूर्ति प्रमंडलों में 20 प्रतिशत तथा पटना अंचल (ग्रामीण क्षेत्र) में 34 प्रतिशत विद्युत क्षति हो रही है। पेसू क्षेत्र में विद्युत संरचना में सुधार के लिए 312 करोड़ रुपये तथा पटना अंचल (ग्रामीण क्षेत्र) के लिए 337 करोड़ की योजना स्वीकृत हुई है। दोनों क्षेत्र में एजेंसियों को कार्य सौंप दिया गया है। 30 माह में कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रख गया है। इस योजना के माध्यम से निर्बाध रूप से गुणवत्तायुक्त बिजली उपलब्ध करानी है। फीडरों को छोटा-छोटा किया जाएगा। **(विस्तृत : दैनिक जागरण, 15.3.2023)**

अन्य राज्यों से 7 प्रतिशत तक महंगी दर पर स्थानीय उत्पाद खरीदेगी राज्य सरकार

उद्योगों को बढ़ावा : विधानसभा में उद्योग, पर्यटन विभाग का बजट पास

उद्यमी योजना के तहत आठ हजार युवाओं को प्रशिक्षित करके उन्हें उद्योग के लिए दिया जाएगा पैसा

बिहार विधानसभा बजट सत्र के दूसरे पाली में उद्योग, अल्पसंख्यक और पर्यटन विभाग का 26.63 अरब रुपए से अधिक का बजट पास हुआ। इसमें उद्योग विभाग का 16 अरब 48 करोड़ 81 लाख रुपए, पर्यटन विभाग का 3.80 अरब और अल्पसंख्यक विभाग का 6.35 अरब रुपए से अधिक का बजट था।

इस दौरान उद्योग विभाग के मंत्री समीर कुमार महासेठ ने कहा कि बिहार में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अन्य राज्यों की तुलना में सात प्रतिशत अधिक मूल्य पर भी वस्तुओं के खरीद का निर्णय लिया है। इसके तहत राज्य सरकार के सभी विभाग, संस्थान और निकाय द्वारा स्थानीय औद्योगिक इकाइयों के माध्यम से निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संदीप पौंडरिक ने प्रदेश के सभी विभाग को पत्र लिखा है।

इस तरह से समझिए खरीदारी का गणित : मंत्री समीर महासेठ ने बताया कि किसी वस्तु की खरीदारी के दौरान अन्य राज्यों से तुलना की जाएगी। उन्होंने बताया कि अगर अन्य प्रदेशों के बड़े और मध्यम श्रेणी के उद्योगों के किसी उत्पाद की कीमत 100 रुपए है और इसी उत्पाद की कीमत बिहार में 102 रुपए होगी तो सरकार बिहार में बने इस महंगे उत्पाद को ही खरीदेगी। इसी तरह छोटे-उद्योग के उत्पाद की कीमत अन्य प्रदेशों में 100 रुपए और बिहार में 107 रुपए होगी तो राज्य सरकार 107 रुपए वाली वस्तु ही खरीदेगी।

बड़े और मध्यम श्रेणी के उद्योगों द्वारा निर्मित समानों को दूसरे राज्य की तुलना में 2% और छोटे उद्योग के उत्पाद को 7% महँगे मूल्य तक खरीद की जा सकेगी।

- **पूर्णिया व मुजफ्फरपुर में 16.50 करोड़ से बनेगा खादी मॉल**
- **72 एकड़ में बनेगा लैंड बैंक, 2028 तक बनी पर्यटन नीति**

(विस्तृत : दैनिक भास्कर, 16.3.2023)

करदाता को जब्त किये गये दस्तावेजों व स्टेटमेंट की कॉपी लेने का है अधिकार

- **लिखित वाजिब कारण करदाता को बताना भी अनिवार्य**
- **लंबित विवादों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है**

जुलाई 2017 से जीएसटी कानून आने के बाद से ही इसकी जटिलता और समस्याओं को लेकर लगातार चर्चा होती रही है। अब जीएसटी विभाग की ओर से सर्च और सीजर की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गयी है। ऐसे में करदाता को कई अधिकार प्राप्त हैं जिन्हें उसे मालूम होना चाहिए। वरीय सीए राजेश खेतान ने बताया कि जीएसटी के तहत व्यावहारिक कठिनाई आने से व्यापारी, प्रोफेशनल सहित विभाग के बीच विवाद की स्थिति बनी हुई है।

उन्होंने करदाता के अधिकारों के बारे में बताया कि उसे जब्त किये गये दस्तावेजों सहित रिकार्ड किये गये स्टेटमेंट की कॉपी लेने का अधिकार है। सर्च से पूर्व धारा 67 के अंतर्गत आइएनएस-1 फॉर्म में अधिकारियों को जॉइंट कमिश्नर या उनसे उच्चाधिकारी द्वारा अधिकृत किया जाना अनिवार्य है। बिना अधिकार के सर्च नहीं की जा सकती है।

खेतान ने बताया कि करदाता को सर्च के दौरान अधिकारियों की जाँच में उचित सहयोग किया जाना अपेक्षित है। यहाँ यह बता दें की कई मामलों में सर्च के दौरान व्यवसायी को कैश लेजर या फिर डीआरसी - 3 फॉर्म के द्वारा टैक्स जमा करने को बाध्य किया जाता है, जो कि कानूनन उचित नहीं है।

उपस्थित होने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता : सर्च के दौरान

भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों के साथ चैम्बर की बैठक

भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों को बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के बारे में जानकारी देते चैम्बर के महामंत्री श्री अमित मुखर्जी। उनकी दाँयी ओर चैम्बर उपाध्यक्ष श्री एन. के. ठाकुर एवं उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार जैन। बाँयी ओर आईएफएस श्री राज आनन्द, श्री अमन आकाश, श्री अमन अग्रवाल, सुश्री शुभ्रा कुमारी, श्री अनुराग नयन एवं श्री लक्ष्य आनन्द।

विदेश सेवा के अधिकारियों के साथ चैम्बर के अधिकारियों एवं सदस्यों का ग्रुप फोटोग्राफ।

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के प्रांगण में दिनांक 28 मार्च 2023 को भारतीय विदेश सेवा के पदाधिकारी सुश्री शुभ्रा कुमारी, श्री अमन अग्रवाल, श्री अमन आकाश, श्री लक्ष्य आनन्द, श्री राज आनन्द एवं श्री अनुराग नयन की प्रवेश कालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत चैम्बर पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ बैठक हुई।

भारतीय विदेश सेवा के पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्रम् से स्वागत एवं सम्मानित किया गया। बैठक में राज्य के उद्योग एवं व्यापार से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

स्टॉक व बही-खातों का मिलान किया जाता है और खातों से अधिक स्टॉक पाये जाने पर अधिक स्टॉक को जब्त भी किया जा सकता है। सर्च के समय प्रतिष्ठान में मौजूद करदाता या कर्मचारी का बयान लिया जाता है। साथ ही जब्त स्टॉक व बही खातों की सूची सर्च के बाद करदाता को दी जाती है। जिसके यहाँ सर्च हुआ है, उसे विभाग में उपस्थित होने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। अगर विभाग व्यक्तिगत रूप से करदाता की उपस्थिति चाहता है तो उसे इसका लिखित वाजिब कारण करदाता को बताना भी अनिवार्य है। **(साभार : प्रभात खबर, 6.3.23)**

अक्षय ऊर्जा आपूर्ति करने वाले राज्यों में शामिल होगा बिहार

बिहार जल्द अक्षय ऊर्जा की आपूर्ति करने वाले राज्यों में शामिल होगा। ऊर्जा विभाग द्वारा राज्य में 2024 तक लखीसराय स्थित कजरा एवं भागलपुर स्थित पीरपैंती में सौर ऊर्जा प्लांट शुरू करने की तैयारी है। इसके अतिरिक्त रोहतास में भी दो अलग-अलग सौर ऊर्जा प्लांट लगाए जा रहे हैं। रिन्यूबल पर्चेज ऑब्लिगेशन (आरपीओ) के तहत सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना आवश्यक है। बिहार को निश्चित मात्रा में सौर ऊर्जा लेना आवश्यक है। प्रधान सचिव संजीव हंस ने बताया कि केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा अक्षय ऊर्जा वाले राज्यों की श्रेणी में बिहार जल्द ही अपना नाम दर्ज कराएगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति सजग होना समय की मांग है। ऊर्जा की बचत करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

पंप स्टोरेज सिस्टम की दिशा में हो रहा प्रयास : पंप स्टोरेज सिस्टम की दिशा में सकारात्मक प्रयास हो रहा है। रोहतास के दुर्गावती डैम में 30 और फुलवरिया डैम में 20 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए भी कार्य प्रगति पर है। सुपौल व दरभंगा में फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट के माध्यम से ऊर्जा विभाग ने बिजली उत्पादन संग उसका डिस्ट्रीब्यूशन भी शुरू कर दिया है।

(साभार : हिन्दुस्तान, 14.3.2023)

एक-दूसरे पर गुलाब की पंखुड़ियाँ वर्षा कर चैम्बर में मनाया गया होली मिलन समारोह

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के प्रांगण में दिनांक 4 मार्च 2023 को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें एक दूसरे पर गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर होली की बधाई दी गई।

